भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 10
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
31 आषाढ़, 1946 (शक)

खेलो इंडिया केंद्र

10. श्री विजय बघेल :
श्री जुगल किशोर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी) में महाराष्ट्र, हरियाणा के भिवानी महेंद्रगढ़ जिलों तथा तमिलनाडु सहित राज्य-वार और जिला-वार कितने खिलाडियों को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है और इन खिलाडियों द्वारा राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ओडिशा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, महाराष्ट्र के जलगांव जिले, झारखंड के हजारीबाग जिले, हरियाणा के भिवानी महेंद्रगढ़ जिलों और तमिलनाडु सहित देश भर में राज्य-वार और जिला-वार कुल कितने केआईसी और खेल अकादमियां कार्य कर रही हैं;

(ग) क्या सरकार का देश भर में, विशेषकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान के पाली जिले, महाराष्ट्र के जलगांव जिले, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और झारखंड में और अधिक केआईसी खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन केन्द्रों में खेल अवसंरचना की स्थापना / सृजन, प्रचालन और उन्नयन के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार की इस योजना का दायरा बढ़ाने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

“खेलो इंडिया केंद्र” के संबंध में श्री विजय बघेल और श्री जुगल किशोर, माननीय संसद सदस्यों, द्वारा दिनांक 22.07.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 10 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में महाराष्ट्र, हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ जिलों तथा तमिलनाडु सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एथलीटों की राज्य-वार और जिला-वार संख्या तथा राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन एथलीटों की उपलब्धियों का विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है ।

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत ओडिशा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, महाराष्ट्र के जलगांव जिले, झारखंड के हजारीबाग जिले, हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ जिलों और तमिलनाडु सहित कार्यशील खेलो इंडिया केंद्रों और मान्यता प्राप्त अकादमियों का राज्य-वार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

(ग) और (घ) : जी हां । उत्तर प्रदेश, राजस्थान के पाली जिले, महाराष्ट्र के जलगांव जिले, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और झारखंड सहित पूरे देश में 1250 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) शुरू करने का निर्णय लिया गया है । खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत अब तक अधिसूचित सभी खेलो इंडिया केंद्रों का विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है ।

(ङ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया केंद्रों में खेल अवसंरचना की स्थापना/सृजन, प्रचालन और उन्नयन के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है ।

(च) जी नहीं ।

****